तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 मूसलाधार बारिश से चोटिया क्षेत्र की सड़कें और पुल टूटे, आवागमन बाधित



## खबर संक्षेप

### ओज़ोन न्यूरो सेंटर का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**कोरबा।** रिस्दी चौक रजगामार रोड स्थित ओज़ोन न्यूरो सेंटर द्वारा कोसाबाड़ी चर्च में 19 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ शिविर आयोजन किया जाएगा। यह शिविर रविवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कोसाबाड़ी चर्च परिसर में संचालित की जाएगी। शिविर में ओज़ोन न्यूरो सेंटर के चेयरमेन व न्यूरो सर्जन डॉ0 प्रदीप त्रिपाठी, स्त्री व प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ0 दीक्षा गर्ग तथा लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल डॉ0 गोविंद यादव व एमडी मेडिसीन डॉ प्रत्युष गर्ग अपनी सेवाएं देंगे। उपस्थित जनों का बीपी, शुगर, की परीक्षण की जाएगी एवं लोगों को स्वस्थ रहने की जानकारी भी दी जाएगी।

### लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु परीक्षा आज

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में बालक/बालिका कक्षा 11 वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 10 जुलाई तक पात्र विद्यार्थियों से आवेदन मंगाये गये थे। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित तिथि तक कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदन पात्र पाये गये। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में आयोजित की जायेगी। सभी आवेदकों को परीक्षा तिथि 19 जुलाई को परीक्षा केन्द्र में निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त करने निर्देशित किया गया है। विद्यार्थियों को एक पासपोर्ट साईज फोटो व आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य है।

### राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट चयन 21 को

**कोरबा।** 17 से 19 जुलाई तक सीबीएसई क्लस्टर चैंपियनशिप आयोजित होने के कारण राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट अंडर 19 (बालक एवं बालिका) के चयन की तिथि में परिवर्तन किया गया है। जो अब 21 जुलाई को दोपहर 3 बजे एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना, कोरबा में होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की 19 जुलाई अंतिम तिथि है। सभी अंडर-19 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों से समय पर अपने पहचान पत्र एवं स्पोर्ट्स किट के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### दीपका विद्युत वितरण कार्यालय का घेराव कल

**कोरबा।** दीपका में बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार कर ली गई है। इसी कड़ी में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। तय रणनीति के अनुसार 20 जुलाई को क्षेत्र के नागरिक और जनप्रतिनिधि समलाई मंदिर प्रांगण में एकत्रित होंगे। जहाँ से एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जो बिजली विभाग के कार्यालय पहुँचेगी। इसके बाद कार्यालय के सामने उग्र धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप सिंह, सूरज दास मानिकपुरी, अविनाश यादव, कमलेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### अब मेडिकल अनफिट कर्मी के आश्रित का नहीं होगा नियोजन

**कोरबा।** कोल इंडिया में मेडिकल अनफिट यानी 9.4.0 के आधार पर कोलकर्मियों के आश्रितों को नौकरी देने का रास्ता अब बंद हो गया है। एनसीडब्ल्यूए के खंड 9.4.0 को पुनः लागू करना संभव नहीं है, जो स्थायी रूप से विकलांग कर्मचारी के आश्रितों को रोजगार प्रदान करने से संबंधित है। कोल इंडिया व एसईसीएल के लिए 10वें वेतन समझौते के तहत निर्दिष्ट बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों को उनके वेतन की 50 प्रतिशत राशि तब तक दी जाती रहेगी, जब तक कि उन्हें चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित नहीं कर दिया जाता है।

# खतरे में नौनिहालों की जान, बाउंड्रीवाल का भी नहीं हुआ निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में कई स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र ऐसे हैं जहां नौनिहालों की जान आवारा कुत्तों की वजह से खतरे में पड़ी हुई है। बाउंड्रीवाल विहीन इन संस्थानों में बच्चों की पूरी जिम्मेदारी कार्यकर्ता और सहायिका के उपर रहती है। पंचायतें भी ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाउंड्रीवाल के लिए पहल नहीं करती। वहीं परियोजना अधिकारियों ने भी इस मामले में गंभीरता नहीं बरती।

आवारा कुत्तों के काटने से पांच वर्षीय मासूम की मौत के बाद एक बार फिर नौनिहालों की जान को लेकर चिंता जाहिर होने लगी है। खासकर तीन से पांच वर्ष बच्चे वाले आंगनबाड़ी केन्द्र जहां बाउंड्रीवाल का निर्माण ही नहीं किया गया है। जिला मुख्यालयों में भले ही यह व्यवस्था नजर आ जाती है किन्तु ग्रामीण अंचलों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में अभी भी बाउंड्रीवाल जैसी महत्वपूर्ण सुविधा का इंतजाम नहीं किया गया है। बीते वर्ष से केन्द्र सरकार के निर्देश पर स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र में आवारा कुत्तों से बच्चों को बचाने के लिए बाउंड्रीवाल के निर्माण के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए थे। इसके लिए डीएमएफ से राशि भी जारी हुई थी, किन्तु अभी भी बाउंड्रीवाल नहीं बने हुए हैं।

## कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में नहीं हैं सुरक्षा के इंतजाम

**खास बातें**

- बाउंड्रीवाल के निर्माण को लेकर डीएमएफ में केवल बनी योजना
- पंचायतें भी नहीं करती पहल



### बाउंड्रीवाल विहीन बिरतराई आंगनबाड़ी केंद्र

बरपाली परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिरतराई के आंगनबाड़ी केंद्र में आवारा कुत्तों की मौजूदगी से बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। आंगनबाड़ी केंद्र में बाउंड्रीवॉल नहीं होने से आवारा कुत्ते परिसर में बैठे रहते हैं। इससे केंद्र में आने वाले छोटे बच्चों को कुत्तों के काटने या नोचने का खतरा लगातार बना हुआ है। इस गंभीर मुद्दे पर परियोजना अधिकारी के कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि सतत रूप से सुपरवाइजर व अन्य अधिकारियों के माध्यम से निरीक्षण व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को प्रशिक्षित करने के बाद भी इस तरह की लापरवाही सामने आ रही है जबकि दो दिन पहले ही आवारा कुत्तों के काटने से 5 वर्षीय मासूम की मौत हुई है।

## बीते वर्ष हुई थी स्कूल में इसकी शुरुआत, जिला स्तर पर गठित है टीम

# पीएम पोषण अभियान, एक बार ही हुआ मिड डे मिल का टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

स्कूलों में दिए जाने वाले नाश्ता और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए पीएम पोषण अभियान के अंतर्गत अब तक एक बार ही मिड डे मिल और नाश्ते की खाद्य सामग्री की जांच की गई है। इसके बाद से टीम का यह अभियान बंद पड़ा हुआ है।

पीएम पोषण अभियान के तहत स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता किस स्तर की है। पौष्टिक आहार दिया जा रहा है या नहीं ऐसे पौष्टिक पदार्थों की जांच के लिए स्कूलों में जांच टीम पहुंचकर पौष्टिक पदार्थों का सेंपल ले रही थी। टीम में स्कूल शिक्षा विभाग के सदस्य शिक्षकों के अलावा स्वास्थ्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग के अधिकारी शामिल थे। इस टीम के द्वारा वर्ष 2025 के अप्रैल महीने में शहरी क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी और अंधरीकछार स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाए जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया था और उपयोग की जाने वाली खाद्य सामग्री का भी सेंपल लेने का काम किया था। टीम के दौरे से स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिला समूह में हड़कंप मचा था। अप्रैल महीने में जांच के बाद जब नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हुई उस दौरान मिड डे मिल की जांच पड़ताल का अभियान नहीं शुरू हुआ। 2026 शिक्षण सत्र की शुरुआत हो गई है और अभी भी टीम ने ऐसे स्कूलों में पहुंचना मुनासिब नहीं समझा।

### शुरू होगी जांच पड़ताल

पीएम पोषण अभियान अंतर्गत जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा स्कूलों के मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने का काम शुरू किया जाएगा। बीते वर्ष टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र के स्कूलों में जांच पड़ताल की गई थी।

**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ

### बारिश का मौसम, स्वच्छता की दरकार

मध्यान्ह भोजन स्थल को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। विशेषकर स्वच्छता को लेकर। बीते वर्ष नगर निगम के द्वारा जब स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर स्कूलों का निरीक्षण किया गया था, उस दौरान मध्यान्ह भोजन बनाए जाने वाले स्थलों का भी अवलोकन किया गया। तब साफ सफाई के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन को खुले में नहीं तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। वर्तमान में कई ऐसे स्कूल हैं जहां शेड के नीचे ही मध्यान्ह भोजन बनाया जा रहा है। जबकि मध्यान्ह भोजन कक्ष के निर्माण के लिए राशि भी जारी हुई है।

### जिला स्तर पर ही गठित है टीम

मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए केवल जिला स्तर पर ही टीम का गठन किया गया है। एक टीम के भरोसे जिले के डेढ़ हजार से अधिक स्कूलों की मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी है। इससे भी अभियान के सतत रूप से चलने पर भी सवाल खड़े होते हैं। जबकि ब्लाक मुख्यालय में भी टीम गठित किए जाने से मध्यान्ह भोजन निर्माण को लेकर निगरानी बनी रहती। किन्तु जिला स्तर की टीम के द्वारा ही जांचने का काम सौंपे जाने के कारण ब्लाक स्तर में दौरा ही नहीं हो पाता।

# प्रशासन की जांच में पीडीएस दुकान में मिली कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले पसान तहसील के पीडीएस दुकान में हितग्राहियों को कम राशन और कभी कभी अंगूठा लगवाकर राशन नहीं मिलने की शिकायत के मामले में नायब तहसीलदार द्वारा शुरू की गई जांच में शिकायतें सही मिल रही हैं।

जांच के दौरान स्टॉक रजिस्टर में अनियमितताएं, ओवर स्टॉक की पुष्टि और कम मात्रा में राशन तौलने के आरोप सामने आए। जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं के बयान भी दर्ज किए गए। जांच के दौरान एक शिकायतकर्ता ने बयान दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए उससे 1000 रुपये लिए गए थे। शिकायत को जांच का हिस्सा बनाया गया है। जांच के दौरान यह आरोप भी सामने आया कि कुछ हितग्राहियों से ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगवाया गया, लेकिन उन्हें राशन नहीं दिया गया। जांच के दौरान कुछ स्थानीय व्यापारी राशन दुकान संचालक के समर्थन में पहुंचे। इसके बाद क्षेत्र में यह चर्चा तेज हो गई कि क्या सरकारी राशन का अनाज इन्हीं व्यापारियों के यहां खपाया जाता था? हालांकि इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच जारी है। दूर दराज के ग्रामीण अंचलों में चलने वाली पीडीएस दुकानों में कभी खाद्यान्न भंडारण नहीं होने तो कभी कम भंडारण की शिकायतें लगातार सामने आते रही हैं। कुछ दुकानों में दो माह का राशन अभी भी एक साथ नहीं दिया गया है। ऐसे मामलों की जांच एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा के निर्देश पर क्षेत्र में चल रही है।

# एनएच की सर्विस रोड उखड़ी


उखड़ा सर्विस रोड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

**खास बातें**

- एनएचएआई टोल टैक्स वसूलने तक ही सीमित

राष्ट्रीय राजमार्ग कोरबा -चाम्पा फोरलेन को महज टोल टैक्स वसूली से ही सरोकार है। एनएचएआई सर्विस रोड की मरम्मत के लिए पूरी तरह उदासीन नजर आ रहा है। बरपाली का सर्विस रोड एक छोर जहां भूमि विवाद की वजह से आज तक डामरीकृत नहीं हो सका है, वहीं डामरीकृत हुए सर्विस मार्ग भी उखड़ने लगी है। जो हादसों को न्यौता दे रही है।

गौरतलब हो कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कोरबा -चाम्पा में फोरलेन सड़क डेढ़ साल पूर्व ही तैयार की जा चुकी है। पचपेड़ी के समीप टोल नाका में एक साल पूर्व ही एनएचएआई द्वारा टोल वसूली शुरू कर दी गई है। एनएचएआई के फोरलेन निर्माण के निर्धारित नाम्स के अनुसार सर्विस रोड के मरम्मत का भी प्रावधान है। बरपाली के सर्विस रोड एक छोर जहां भूमि विवाद की वजह से डामरीकृत नहीं हो पाया है तो वहीं जिन मार्ग का डामरीकरण हुआ है वो भी घटिया डामरीकरण की भेंट चढ़ गढ्ढों में तब्दील हो गई है। जिससे आवागमन करने वाले लोगों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटना का भी भय सता रहा है। मुख्य मार्ग से बरपाली होते हुए बरपाली सलिहाभांठा, तुमान, सक्ती मार्ग जाने के लिए लोग जैसे ही सर्विस रोड में आ रहे महज 100 मीटर बाद ही उन्हें उखड़ चुकी जानलेवा गढ्ढों से युक्त सर्विस रोड से दो चार होना पड़ रहा है। शीघ्र ही मार्ग का मरम्मत नहीं होने पर ग्रामीण सड़क पर उतरकर प्रदर्शन का मन बना रहे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444



## ख़बर संक्षेप



### एक मंच पर जुटे कोयला श्रमिक संघ सीटू का परिवार

**गेवरा दीपका।** कोयला खदानों की व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल निकालकर श्रमिकों और उनके परिवारों ने रविवार को अपनापन और सौहार्द के बीच समय बिताया। कोयला श्रमिक संघ सीटू, गेवरा क्षेत्र द्वारा आयोजित पारिवारिक स्नेह मिलन समारोह में सैकड़ों श्रमिक अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य श्रमिक परिवारों के बीच आपसी परिचय, संवाद और रिश्तों को मजबूत बनाना रहा। समारोह में पुरुषों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि महिलाओं और बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को पारिवारिक उत्सव का स्वरूप दे दिया। इस अवसर पर अजय प्रताप सिंह, जनाराम कर्ष, नीलांबर शर्मा, संतोष मिश्रा उपस्थित रहे।

### छात्रा पायल के आकस्मिक निधन पर विद्यालय में शोक सभा



**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा की कक्षा 9वीं की छात्रा पायल सूर्यवंशी पिता दीपक सूर्यवंशी के आकस्मिक निधन पर विद्यालय परिवार के द्वारा श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने अपने शोक संदेश में कहा कि पायल सूर्यवंशी का असामयिक निधन विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक एवं अपूरणीय क्षति है। इस दुःख की घड़ी में सम्पूर्ण विद्यालय परिवार शोक-संतप्त परिजनों के साथ खड़ा है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ईको क्लब ने किया पौध रोपण



**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय चैतमा में पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्य ने बताया कि प्रकृति के संरक्षण और अपनी जन्मदात्री माँ के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिएएक पेड़ माँ के नाम मेगा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जा रहा है।सुकालू प्रजापति अध्यक्ष शाला विकास समिति ने बताया कि हम सब मिलकर फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण करेंगे। यह सिर्फ एक पौधा लगाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि प्रकृति और माँ के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संकल्प है। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने स्मृति स्वरूप रोपण प्रत्येक स्वयंसेवक और विद्यार्थी अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाएगा और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेगा। पर्यावरण जागरूकता रैली प्लास्टिक मुक्ति और हरियाली बढ़ाने के संदेश के साथ चैतमा क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई।

### म्यूल एकाउंट गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस ने म्यूल अकाउंट (बैंक खातों) के जरिए देशभर में ऑनलाइन ठगी कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी 10 से 15 हजार रुपये के कमीशन के लालच में अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन्हीं खातों के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों में ऑनलाइन ठगी की रकम जमा और स्थानांतरित की जाती थी। पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर समन्वय पोर्टल से प्राप्त इनपुट के आधार पर साइबर थाना जांजगीर-चांपा ने तकनीकी साक्ष्यों एवं बैंकिंग लेन-देन की गहन जांच की। जांच में पता चला कि कर्नाटक और महाराष्ट्र के तीन साइबर ठगी मामलों में कुल 1 लाख 62 हजार 149 रुपये की ठगी की गई थी। यह पूरी राशि चांपा के 5 आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए म्यूल खातों में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने चांपा निवासी हरिशंकर श्रीवास, अनिल नामदेव उर्फ चेतन, राजेश सोनी उर्फ रिंकु सोनी, संदीप सिंह ठाकुर, कमल विरानी को गिरप्तार किया। पूछताछ के दौरान हरिशंकर श्रीवास ने बताया कि अनिल नामदेव और राजेश सोनी ने उसे कमीशन का लालच देकर बैंक खाता खुलवाया था।

## पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के लिये ओपन थियेटर मैदान में जुटा शहर

# हरित कोरबा के लिए रन फार ग्रीन का आयोजन

# जिला प्रशासन व निगम की सराहनीय पहलः संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पर्यावरण संरक्षण, हरित कोरबा व अधिक से अधिक वृक्षारोपण हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में रन फार ग्रीन मैराथन का यह आयोजन जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम की

**ख़ास बात**

- 5 किलोमीटर की रन फार मैराथन द्वारा दिया गया कोरबा को हरीतिमायुक्त बनाने का संदेश

सराहनीय पहल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि हमारा भारत स्वच्छ भारत-हरित भारत- समृद्ध भारत बने, हमे खुशी है कि आज हम सब उनके इसी सपने को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने रन फार ग्रीन आयोजन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व नगर निगम कोरबा के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रन फार ग्रीन का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान रन फार ग्रीन मैराथन आयोजित किया गया, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने हरी झण्डी दिखाकर




कार्यक्रम में शामिल महापौर, कलेक्टर, निगम आयुक्त व अन्य जनप्रतिनिधि।

मैराथन को रवाना किया, यह मैराथन घंटाघर से चलकर सुभाष चौक, शास्त्री चौक, तानसेन चौक, व्हीआईपी मार्ग, जैन चौक, महाराणा प्रताप चौक होते हुये पुनः घंटाघर में समाप्त हुआ, जहां पर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि मैंने जब कोरबा में ज्वाइनिंग दी थी, तब यहां के लोगों ने मुझे सुझाव दिया था कि हरित कोरबा के लिये प्रयास करने की आवश्यकता है, हमने इस दिशा में काम किया तथा इसी कड़ी में आज यह आयोजन रखा गया है, उन्होंने कहा कि महापौर, आयुक्त व वनमण्डलाधिकारी के सहयोग से अगले 60 दिनों तक कोरबा में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने अपील करते हुये कहा कि कोरबावासी एक पेड़ मां के नाम पर



मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

जरूर लगायें, वन विभाग व नगर निगम की टीम अपना पूरा सहयोग करेगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि रन फार ग्रीन के इस आयोजन में कोरबा के लोगों , विद्यालय की हमारी छात्र-छात्राओं ने आज बहुत अच्छी सहभागिता दी है, आज का दिन कोरबा के लिये ऐतिहासिक दिन होगा, उन्होंने आग्रह करते हुये कहा कि इसी उत्साह के साथ अगले 60 दिनों तक अपने घर, मोहल्ले एवं बस्ती में रिक्त पड़ी जमीन पर पौधे लगायें एवं उनका संरक्षण करें ताकि हरित कोरबा का संकल्प पूरा हो सके, वहीं भारतीय महिला फुटबाल की सदस्य एवं खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में छत्तीसगढ़ विजेता टीम की कैप्टन किरण पिस्दा ने विद्यालयीन छात्र-छात्राओं व मैराथन के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये कहा कि जब तक आप खुद से नहीं हारते, आपको कोई हरा नहीं सकता, अतः अपना आत्मविश्वास बनायें रखें, अच्छा सोंचे एवं अच्छा करें। उन्होंने कहा कि रन फार ग्रीन का यह आयोजन एक सराहनीय आयोजन है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ-साथ कलेक्टर कुणाल दुदावत, वन मण्डलाधिकारी प्रेमलता यादव, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर तरूण किरण, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ.राजीव सिंह, मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी, वार्ड पार्षद पंकज देवांगन सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

**बालिका वर्ग में नेहा एवं बालक वर्ग में मनीष रहे विजेता**

रन फार ग्रीन मैराथन के इस 5 किलोमीटर दौड़ के आयोजन में बालिका वर्ग में नेहा साहू एवं बालक वर्ग में मनीष कुमार प्रथम पाकर विजेता रहे। जिन्हें 10-10 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में कु.अनीता रूपदास द्वितीय, शीतल कौशल तृतीय स्थान पर रही, वहीं टाप-10 में क्रमशः गुंजा देवांगन, अदिती साहू, श्रीमती गोमती, रीनी केंवट, निशा सिदार, सोफिया किस्पोटा, पूनम नाग ने स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग में अनुराग श्रीवास द्वितीय एवं निखिल बरेठ तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कोरबा ब्लाक के ग्राम गढ़उपरोड़ा की छात्रा रिनी कैवर्त ने भी 7वां स्थान हासिल किया। जिसे कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पुरुस्कृत किया।

**किया गया वृक्षारोपण**

इस मौके पर वृक्षारोपण का आयोजन भी किया गया था। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर कुणाल दुदावत, वन मण्डलाधिकारी प्रेमलता यादव, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, भारतीय महिला फुटबाल की सदस्य एवं खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में छत्तीसगढ़ विजेता टीम की कैप्टन किरण पिस्दा सहित निगम के जनप्रतिनिधियों, मीडियाजनों एवं अन्य लोगों ने वृक्षारोपण किया।

## पर्यावरण संरक्षण एवं हरित पहल के लिए एसईसीएल को मिला ग्रीन ट्रांज़िशन लीडरशिप अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल को सतत एवं हरित खनन के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल तथा पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए द टाइम्स इंटरनेट इकोप्रेन्योर्स अवॉड्र्स 2026 में प्रतिष्ठित ग्रीन

**ख़ास बातें**

- नई दिल्ली में टाइम्स इंटरनेट इकोप्रेन्योर्स अवाड्र्स 2026 में मिला राष्ट्रीय सम्मान
- चालू वित्तीय वर्ष में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार करने वाली कोल इंडिया लिमिटेड की पहली अनुषंगी कंपनी भी बनी एसईसीएल

ट्रांज़िशन लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 17 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने प्राप्त किया।

यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, सतत खनन, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक खान बंदी, भूमि पुनर्वास तथा पर्यावरण-




अवार्ड प्राप्त करते एसईसीएल के सीएमडी।

अनुकूल तकनीकों के प्रभावी क्रियान्वयन के क्षेत्र में एसईसीएल द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण मान्यता है। इसी कड़ी में एसईसीएल ने परिचालन प्रदर्शन के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही एसईसीएल, चालू वित्तीय वर्ष में ऐसा करने वाली कोल इंडिया लिमिटेड की पहली अनुषंगी कंपनी बन गई है। कंपनी ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस उपलब्धि में कोरबा स्थित एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दीपका परियोजना ने 11.8 मिलियन टन, गेवरा परियोजना ने 11.7 मिलियन टन तथा कुसमुंडा परियोजना ने 9.7 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया। इसके अतिरिक्त सीआईसी कोलफील्ड्स ने 8.8 मिलियन टन, रायगढ़ क्षेत्र ने 5.9 मिलियन टन तथा कोरबा क्षेत्र ने 2.1 मिलियन टन उत्पादन कर कंपनी के समग्र प्रदर्शन में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने कहा, ग्रीन ट्रांज़िशन लीडरशिप अवॉर्ड एसईसीएल की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान है। पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा दोनों हमारे विकास के समान रूप से महत्वपूर्ण आयाम हैं। एक ओर हम हरित एवं उत्तरदायी खनन को बढ़ावा दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दक्ष, सुरक्षित एवं आधुनिक खनन के माध्यम से देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## केराकछार पहुंचा हाथियों का झुंड 19 गांवों को किया गया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन मंडल कोरबा और कटघोरा के जंगलों में हाथियों की धमक से एक बार फिर दहशत का माहौल है। कुदमुरा रेंज में दो दिन बाद एक खतरनाक दंतैल हाथी धरमजयगढ़ से वापस लौट आया है, जिसे गुरुवार को चचिया के जंगलों में देखा गया। वहीं, दूसरी ओर 9 हाथियों का झुंड करतला रेंज से होते हुए पसरखेत के केराकछार पहुंच गया है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के 19 गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। 10 प्रमुख गांवों में बकायदा मुनादी कराई गई है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

वन अधिकारियों के मुताबिक, हाथियों का झुंड अब एक ही स्थान पर ज्यादा समय नहीं रुक रहा है, जिससे उनकी सटीक लोकेशन ट्रैक करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। सबसे बड़ा खतरा अकेले घूम रहे दंतैल हाथी से है। चचिया क्षेत्र करतला और पसरखेत रेंज के बिल्कुल बीच में स्थित है, जिसके कारण दंतैल किसी भी दिशा में आगे बढ़ सकता है। चूंकि अभी खेती-किसानी का समय चल रहा है, इसलिए ग्रामीण सुबह-सुबह ही खेतों और जंगलों की तरफ रुख कर लेते हैं। वन विभाग ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि ग्रामीण दिन के समय भी जंगल के बीच जाने से बचें। पिछले सप्ताह ही हाथियों के झुंड से सामना होने पर एक ग्रामीण को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। ऐसी किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्कता ही एकमात्र उपाय है।



फाइल फोटो

**कटघोरा मंडल में बटा हाथियों का झुंड**

वन मंडल कटघोरा के जटगा रेंज में 48 हाथियों का झुंड अब छोटे-छोटे समूहों में बंट गया है। ये हाथी फिलहाल केंदई, पसान और एतमानगर रेंज के घने जंगलों के भीतर विचरण कर रहे हैं। राहत की बात यह है कि अभी तक इस क्षेत्र से किसी जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है, लेकिन जंगल के बीच में खेत होने के कारण हाथियों और इंसानों के आमने-सामने होने का खतरा लगातार मंडरा रहा है। विभाग ने अपील की है कि किसी भी ग्रामीण को यदि हाथी या हाथियों का झुंड दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना नजदीकी वन चौकी या वन रक्षकों को दें। हाथियों के नजदीक जाने या उन्हें उकसाने की गलती बिल्कुल न करें।

## श्री राधा कृष्ण धाम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली नगर में नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण धाम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय एवं दिव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ शनिवार को विधिवत कलश यात्रा के साथ किया गया। नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। बड़ी संख्या में माताएं-बहनें और नगरवासी सिर पर कलश लेकर इस शोभायात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा पाली नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और मंदिरों से होते हुए शिव मंदिर स्थित नौकोनिया तालाब पहुंची, वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा गया। इसके बाद गाजे-बाजे और भजनों के साथ शोभायात्रा नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण धाम पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।



## बरसे बादल, तापमान में आई भारी गिरावट, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग दस दिनों से उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान जिलेवासियों को गुरुवार दोपहर शुरू हुई बारिश ने बड़ी राहत दी। दोपहर बाद शुरू हुई वर्षा शाम तक रुक-रुक कर होती रही, जिससे तापमान में भारी गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया। लंबे समय बाद हुई इस बारिश से सड़कों पर उड़ रही धूल भी थम गई है और लोगों ने चैन की सांस ली है।

मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की संभावना जताई थी। जुलाई की शुरुआत में हुई अच्छी बारिश के बाद करीब दस दिनों तक वर्षा नहीं होने से तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इससे लोग उमस से बेहाल थे और ग्रामीण इलाकों में खरीफ की खेती भी बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। गुरुवार की बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। खेतों में नमी लौटने से बुआई और अन्य कृषि कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। हालांकि, जानकारों का कहना है कि आधा आषाढ़ बीतने के बाद भी मानसून अब तक पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है, लेकिन आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने पर खेती को और बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल में बने एक नए वेदर सिस्टम की वजह से क्षेत्र में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। गुरुवार को कोरबा शहर के अलावा कटघोरा, पाली और बरपाली क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई है। बारिश थमने के बाद भी तापमान जो 35 डिग्री पर था, उसमें अब दो डिग्री की कमी आई है। अगले 4 दिनों तक गरज-चमक के साथ कई क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की और गिरावट देखी जा सकती है।



## ओबी फेस में 19 महिलाएं ले रहीं प्रशिक्षण

# अब कोयला खदानों में महिलाओं के हाथ होगी भारी-भरकम मशीनों की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदानों की तस्वीर अब बदलने जा रही है। यहां अब सिर्फ पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी डंपर, शॉवेल जैसी भारी-भरकम मशीनों का संचालन करती नजर आएंगी। एसईसीएल ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पहली बार महिला कर्मचारियों को हेवी अर्थ मूविंग मशीन ऑपरेटर बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण शुरू किया है।

एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन की पहल पर यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों से 19 महिला कर्मचारियों का चयन कर 6 से 18 जुलाई तक गेवरा परियोजना के ओबी फेस में 12 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में महिलाओं को डंपर, शॉवेल और अन्य हेवी मशीनों के सुरक्षित एवं तकनीकी संचालन की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। अनुभवी ऑपरेटर उन्हें मशीन चलाने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों, तकनीकी दक्षता और खदान में काम के व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत करा रहे हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन्हें खदानों में नियमित रूप से मशीन संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इससे पहली बार एसईसीएल की खदानों में महिला ऑपरेटर भारी मशीनों की कमान संभालती दिखेंगी। प्रशिक्षण ले रहीं महिलाओं ने बताया कि जब पहली बार ओबी फेस पहुंचीं तो विशाल मशीनों और खदान का माहौल देखकर घबरा गई थीं। मशीनों की तेज आवाज और सुरक्षा की जिम्मेदारी से डर लग रहा था। कई के मन में सवाल था कि क्या वे पुरुष ऑपरेटरों की तरह मशीन चला पाएंगी। लेकिन अनुभवी ऑपरेटरों ने तकनीकी बारीकियां सरल तरीके से समझाईं। धीरे-धीरे डर खत्म हुआ और अब वे पूरे आत्मविश्वास से मशीनें सीख रही हैं। महिलाओं का कहना है कि यह उनके लिए सिर्फ नई जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अपनी क्षमता साबित करने का मौका है। गेवरा क्षेत्र की एचआर मैनेजर लकिता प्रशिक्षण स्थल पहुंचीं और कहा कि एसईसीएल में यह अपनी तरह की पहली पहल है। इसका उद्देश्य महिलाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम का अवसर देना है।



वर्कशाप में करती महिलाएं।

**खनन उद्योग को मिलेगी नई पहचान**

खनन क्षेत्र में अब तक भारी मशीनों का संचालन पुरुषों का काम माना जाता था। एसईसीएल की यह पहल न सिर्फ 19 महिलाओं के करियर में बदलाव लाएगी, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा देगी। आने वाले समय में जब ये महिलाएं डंपर और शॉवेल चलाती दिखेंगी, तो यह खनन उद्योग की बदलती कार्य संस्कृति की नई पहचान बनेगी।

### आश्रम शाला बिंझरा के नन्हें बच्चों ने लगाए फलदार पौधे

**पोड़ीउपरोड़ा।** आश्रम शाला बिंझरा, संकुल बिंझरा विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हें-नन्हें बच्चों ने उत्साहपूर्वक आम, अमरूद सहित विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन शिक्षिका श्रीमती रसीदा बानों एवं प्रधानपाठक मनराकस सिंह कँवर ने किया। उन्होंने बच्चों को पौधों के महत्व, पर्यावरण संतुलन, स्वच्छ वायु तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली बनाए रखने का संदेश दिया। बच्चों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। श्रीमती रसीदा बानों ने कहा कि प्रत्येक छात्र यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधे का संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन 31 तक

**कोरबा।** केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से द्वारा 3 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, इसका प्रमुख उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये गये शानदार कार्यो एवं बेहतरीन उपलब्धियों को पहचानना एवं उन्हें सम्मान देना हैं, इस राष्ट्रीय पुरस्कार का मकसद उन लोगों, संस्थाओं, संगठनों, एम्प्लायर्स और दूसरे स्टेक होल्डर्स को बढ़ावा देना हैं, जिन्होने दिव्यांग लोगों के लिये समावेशी और आसान समाज बनाने में अपना अहम योगदान दिया है, यह राष्ट्रीय पुरस्कार अलग-अलग केटेगरी में प्रदान किये जाते हैं, जिनमें एम्पावरमेंट रिहैबिलिटेशन एजुकेशन स्किल डेवलपमेंट, रोजगार सृजन, एक्सेसिबिलिटी, रिसर्च और इनोवेशन स्पोर्टस, आर्टस, लिटरेचर और दूसरी संबंधित केटेगरियां शामिल हैं। इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये एपलिकेशन नॉमिनेशन सिर्फ राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आनलाईन मोड से मंगाये गये हैं, आनलाईन नॉमिनेशन एपलिकेशन 15 मई से शुरू हो गये हैं तथा इसकी आखिरी तारीख 31 जुलाई है।

### करोड़ों की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, छोटे कर्मचारियों को बनाया जा रहा निशाना



**कोरबा।** जल संसाधन विभाग की माचाडोली स्थित 16 ब्लॉक कॉलोनी सहित अन्य विभागीय कॉलोनियों में इन दिनों शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों और रसूखदारों द्वारा किए जा रहे पक्के निर्माणों का एक बड़ा मामला सामने आया है। आश्चर्य की बात यह है कि जहाँ एक ओर रसूखदार, रेंटेड (बाहरी) लोग और भू-माफिया विभाग की बेशकीमती जमीनों पर बिना किसी अनुमति के धड़ल्ले से बड़े-बड़े पक्के मकान और व्यावसायिक निर्माण तान रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विभाग के ही उन छोटे कर्मचारियों को दुर्भावनापूर्वक निशाना बनाया जा रहा है जो नियमों के तहत लीज आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, माचाडोली कॉलोनी के भीतर दर्जनों ऐसे रसूखदार और बाहरी तत्व सक्रिय हैं, जिन्होंने जल संसाधन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से बड़े निर्माण कार्य कर लिए हैं। अब अपने इन अवैध कब्जों को छुपाने और प्रशासन का ध्यान भटकाने के लिए, ये तत्व समाचार पत्रों में भ्रामक और एकतरफा खबरें छपवाकर दबाव बनाने की राजनीति कर रहे हैं। हाल ही में विभाग के एक ऐसे कर्मचारी के आंशिक निर्माण को निशाना बनाया गया, जिसने बकायदा विभाग के समक्ष अपनी आवास समस्या को लेकर लीज आवंटन का आवेदन दे रखा है और मामला प्रक्रियाधीन है।

## जेल से छूटने के बाद तीनों आरोपियों ने बनाई थी लूट की योजना

# राज ज्वेलर्स डकैती कांड का फरार तीसरा मास्टरमाइंड कर्नाटक में हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छुरी स्थित राज ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज डकैती मामले में कटघोरा पुलिस ने लूट के मास्टरमाइंड और फरार

**खास बात**

- लूटकांड के दो आरोपियों से पहले ही बरामद किया जा चुका है लूट का मामला

तीसरे आरोपी आरोपी विष्णु राठिया को कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया। आरोपी विष्णु राठिया श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम जिल्गा का रहने वाला है और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था। आरोपी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोरबा लाया गया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस को मामले में कई महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार आरोपी विष्णु राठिया ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पूरी डकैती की योजना बनाई थी। वारदात को अंजाम देने के दौरान वह लड़की के भेष में राज ज्वेलर्स पहुंचा था, ताकि किसी को उस पर संदेह न हो। इसके बाद तीनों आरोपियों ने मिलकर दिनदहाड़े डकैती की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। पूछताछ और तकनीकी जांच के आधार पर तीसरे आरोपी विष्णु राठिया की तलाश लगातार जारी थी। जांच में सामने आया कि तीनों आरोपी पहले जेल में बंद रह चुके थे, जहां उनकी दोस्ती हुई। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने आर्थिक लाभ के लिए डकैती की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। पुलिस जांच के दौरान डकैती में लूटा गया सामान धरमजयगढ़ क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। वहीं फरार आरोपी विष्णु राठिया गिरफ्तारी से बचने के लिए कर्नाटक के श्री सत्य साईं जिले के हिंदुपुरम स्थित एक कंपनी में छिपकर काम कर रहा था। कटघोरा पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद पुलिस टीम ने कर्नाटक पहुंचकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी विष्णु राठिया पर अपराध क्र 237/26 धारा 309(6), 61 (2), (ए) बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट में उक्त कार्यवाही की है। गिरफ्तारी के बाद उसे ट्रांजिट प्रक्रिया पूरी कर कोरबा लाया गया। जहां उससे डकैती से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जाएगी। कटघोरा पुलिस की इस कार्रवाई को डकैती कांड के खुलासे में बड़ी सफलता माना जा रहा है। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही इस बहुचर्चित मामले का लगभग पूरा खुलासा हो गया है।

**तकनीकी इनपुट के आधार पर हुई गिरफ्तारी**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कटघोरा थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि विशेष टीम ने लगातार प्रयास और तकनीकी इनपुट के आधार पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और पूछताछ के आधार पर आगे भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।राज ज्वेलर्स लूटकांड की शुरुआत से ही यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ था।

# अवैध शराब बेचने पर 10 हजार और पीने पर लगेगा 5 हजार का जुर्माना



ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व गांव की महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम पंचायत झाबर को नशा मुक्त ग्राम बनाने की दिशा में सराहनीय मुहिम की शुरुआत की है। दीपका थाना प्रभारी के निर्देशन में ग्राम पंचायत झाबर में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर गांव से नशे की बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने का सामूहिक संकल्प लिया और कड़े नियम लागू करने पर सहमति जतायी।

गाँव को नशा मुक्त करने के लिए सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है। साथ ही यदि कोई व्यक्ति गाँव में शराब या अन्य कोई नशीला पदार्थ बेचते या बनाते पाया गया तो उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। नशीले पदार्थों के खरीदारों पर भी 5 हजार रुपये का जुर्माना तय की गई है। गाँव के किसी भी आम या सार्वजनिक स्थान पर नशा करते या शराब पीते पकड़े जाने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा। निर्णायक बैठक में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक निखिल देवांगन, आरक्षक अंकित पांडे, मुकेश यादव, ग्राम पंचायत के सरपंच रामसिंह कंवर सहित पंच शनि कंवर पंच देवनाथ विश्वकर्मा पंच प्रमोद कौशिक और पूर्व उप सरपंच मुकेश जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा अनूप कंवर, गणेश सिंह उइके, अशोक कंवर, भूपेंद्र पटेल, विष्णु उरांव, सतेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, अहिल्या उईके, कौशल्या मरपच्ची, ललिता कंवर, फुल बाई, आरती यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत झाबर को पूर्ण नशा मुंक्त बनाने का लिया गया संकल्प
- पुलिस के सहयोग से निगरानी के लिए महिला कमांडर समिति का हुआ गठन

**महिला कमांडर समिति करेगी निगरानी**

इन नियमों का कड़ाई से पालन कराने और गाँव में अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए एक महिला कमांडर समिति का गठन किया गया है इस समिति की कमान सर्वसम्मति से नोनीबाई कंवर को अध्यक्ष, राधा बाई महंत को उपाध्यक्ष एवं शेषमति पटेल को सचिव बनाया गया है। यह महिला कमांडो टीम पुलिस प्रशासन के समन्वय से गाँव में गश्त और निगरानी का जिम्मा संभालेगी।

# स्कूल बस की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, मचा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंडित रविशंकर शुक्ल नगर, वार्ड क्रमांक 26 में सेंट जेवियर्स स्कूल बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत के बाद इलाके में आक्रोश फूट पड़ा है। घटना के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने मुआवजा व दोष बस चालक व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने पर प्रशासन हरकत में आया जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को तत्काल एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

**खास बात**

- धरना प्रदर्शन कर रहे परिजनों को स्कूल प्रबंधन ने दी एक लाख की सहायता राशि



मृतक भोकालो साहू।

उल्लेखनीय है कि सेंट जेवियर्स स्कूल बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पंडित रविशंकर शुक्ल नगर वार्ड क्रमांक 26 के बुजुर्ग भोकालो साहू उम्र 61 वर्ष पिता पुनीराम साहू को अपनी चपेट में ले लिया था। इस हादसे में बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। सड़क हादसे में बुजुर्ग भोकालो साहू के मौत के बाद परिजनों व वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित परिजन व वार्डवासियों ने दोषी बस चालक सहित स्कूल प्रबंधन की कार्यवाही की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया था। वार्डवासियों द्वारा चक्काजाम की तैयारी की जा रही थी जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद आक्रोशित लोगों को समझाइश का प्रयास किया गया।



आरोपी बस चालक।

आखिरकार स्कूल प्रबंधन द्वारा मृतक भोकालो साहू के परिजनों को एक लाख रुपए की तत्कालिक सहायता राशि दी गई जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। परिजनों का आरोप है कि स्कूल बस का चालक हादसे के दौरान शराब का सेवन किया था यही वजह है कि लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

### शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर सीएम को लिखा पत्र

कोरबा। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु ने शहर की मूलभूत आवश्यक सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। श्री साहू ने पत्र में उल्लेख किया है कि जिले की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। निगम क्षेत्र के रहवासियों को जल आपूर्ति के नाम पर सिर्फ परेशानी दिया जा रहा है। बालको, रूमगरा मार्ग सहित निगम क्षेत्र के अधिकांश सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गये है। बरसात के दिनों में भी अधिकांश जगहों की स्ट्रीट लाईट बंद है, वर्षों से सिटी बस की सेवा से जिलेवासी वंचित हैं।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# इलाहाबाद बैंक के चेक बाउंस प्रकरण में आरोप दोषसिद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती सोनी तिवारी की अदालत ने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत लंबित आपराधिक प्रकरण क्रमांक 204/2020 में निर्णय पारित करते हुए अजय कुमार साहू को दोषी ठहराया है।

प्रकरण के अनुसार, इलाहाबाद बैंक, शाखा तिलकेजा द्वारा आरोपी को व्यवसाय हेतु 90 हजार का ऋण प्रदान किया गया था। ऋण की अदायगी में चूक होने पर आरोपी का ऋण खाता एनपीए घोषित हो गया। इसके पश्चात आरोपी ने बैंक के पक्ष में 76 हजार का चेक जारी किया, जो बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर अपर्याप्त निधि के कारण अनादरित हो गया। बैंक द्वारा विधिक नोटिस भेजे जाने के बावजूद आरोपी ने निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया, जिसके बाद न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान परिवादी बैंक की ओर से दस्तावेजी साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए गए, जबकि आरोपी अपने बचाव में कोई प्रभावी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत 6 माह के साधारण कारावास से दंडित किया। साथ ही न्यायालय ने बीएनएसएस की धारा 357(3) के अंतर्गत आरोपी को एक माह के भीतर परिवादी बैंक को 1 लाख 23 हजार प्रतिकर राशि अदा करने का निर्देश दिया है। आदेश का पालन न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

**खास बात**

- न्यायालय ने 6 माह का करावास व 1 लाख 23 हजार रुपए प्रतिकर देने का दिया आदेश

**न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा एवं विवाह अधिकारी, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

क्र./6869/ वाचक / विवाह अधि. कोरबा /2025-26
कोरबा, दिनांक 14/07/2026
प्र.क-202607052900004/20/ब-121/25-26
ग्राम-बालको, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.)

आवेदक (वर) राहुल चौधरी, उम्र 31 वर्ष, पिता रमेश चौधरी, जाति-पासी, (वर्ग-अनुसूचित जाति), निवासी 345, पार्षद मोहल्ला, भदरापारा, बालको, कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) एवं आवेदिका (वधु) नीलिमा सोनित, उम्र 36 वर्ष पिता बी.आर. सोनित, जाति-सतनामी, (वर्ग-अनुसूचित जाति), निवासी एम.आई.जी.-1 बी 19, शारदा विहार, कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत आशयित विवाह हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त विवाह के संबंध में कोई आपत्ति/दावा आदि हो अथवा कुछ कहना हो तो वे प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 10/08/2026 को 2.00 बजे तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति /दावा आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा आदि पर कोई सुनवाई/विचार नहीं किया जावेगा और यह माना जावेगा कि आपको/किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगा।

**विवाह अधिकारी**
**जिला कोरबा, (छत्तीसगढ़)**

# भारी वाहनों के बीच स्कूल जाने को मजबूर हैं छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के विजय वेस्ट कोयला परियोजना क्षेत्र में सड़क की बदहाल स्थिति अब स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गई है। केंदई क्षेत्र के पंडो जनजाति के बच्चे रोजाना इसी जर्जर और भारी वाहनों से भरे मार्ग से बीजाडांड़ मिडिल स्कूल पढ़ने जाने को मजबूर हैं। लगातार बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनसे भारी वाहनों की आवाजाही से हर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

सड़क के गड्ढों में भारी वाहनों के फंसने से हादसों का खतरा हमेशा बना रहता है। इन्हीं जर्जर सड़कों से निजी कोयला खदान के भारी वाहन आवागमन करते हैं और इन्हीं के बीच सैकड़ों स्कूली बच्चे रोजाना आना जाना करते हैं। भारी वाहनों के गड्ढों में फंसने के कारण एक तरफ झुकने से हमेशा हादसों का खतरा बना रहता है। सड़क का मरम्मत नहीं होने से कई बार कोयला लदी गाड़ियों के फंसने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि विजय वेस्ट खान प्रबंधन लगातार शिकायतों के बावजूद आंखें मूंदे बैठा है और किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। लोगों ने प्रशासन और जिला प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत, गड्ढों को भरने, भारी वाहनों के संचालन को नियंत्रित करने की मांग की है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

MEENA JAIN MEMORIAL HOSPITAL
आयुष्मान कार्ड से गुणवत्तापूर्ण इलाज, अब आपके अपने शहर कोरबा में
Dr. Prince Jain
MBBS, MD (Medicine)
क्रिटिकल केयर • कार्डियोलॉजी • स्त्री एवं प्रसूति रोग • कार्डिएक एम्बुलेंस • मॉड्यूलर ओटी • 24 घंटे पैथोलॉजी • डायलिसिस • शिशु रोग
100 बेड 22 ICU बेड • 24 घंटे सेवाएं • आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध
CT HEAD मात्र ₹1500/- • X-RAY एवं SONOGRAPHY
आज ही विशेषज्ञ से परामर्श लें +91 94791 18941
नया बस स्टैंड, विशाल मेगामार्ट के सामने, टी.पी.नगर, कोरबा

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनोरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष) ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष) एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप



### सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिवहन एवं यातायात विभाग के सयुंक्त कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद स्कूल पंप हाउस एवं कन्या स्कूल साडा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीटीओ अतुल अरैय्या ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। दुपहिया वहाँ से चलते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करना, वाहन को नियंत्रित गति 40 से चलना, वाहन चलते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना, सड़क पर लगे संकेतकों को जानना और उसका पालन करना आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में यातायात विभाग से मनोज राठौर ने भी सभी छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की।

### धारदार हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लेकर घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है।



आरोपी।



आरोपी।

दोनों युवकों के द्वारा लोगों में दहशत फैलाने और राहगीरों को डराने-धमकाने का आरोप लगा। पुलिस ने उनके कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आसिफ कुरैशी और विशाल कंवर खुलेआम धारदार हथियार लेकर घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और आम लोगों को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## ग्रामीण अंचलों के नदी नाले उफान पर, कई गांव का संपर्क टूटा

# मूसलाधार बारिश से चोटिया क्षेत्र की सड़कें और पुल टूटे, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत कोरबी-चोटिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई है। वर्षा के कारण नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। कई मार्गों पर पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने के कारण संपर्क टूट गया है और लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। सड़कें और पुल पुलिया टूटने से कई गांव का संपर्क भी कट गया है।



बारिश में बहा पुल।

बारिश के कारण क्षेत्र में सबसे गंभीर स्थिति फुलसर नाला के पास देखने को मिली है। आधी रात को तेज बहाव के कारण नाले पर बना पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया। पानी का स्तर इतना बढ़ गया कि पास में स्थित मुक्तिधाम भी डूब गया। इस दौरान बाढ़ के पानी और मलबे के साथ सांप सहित कई खतरनाक जीव-जंतु बहकर आ गए, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बुजुर्गों का कहना है कि वर्षों बाद इलाके में ऐसी भयावह स्थिति देखने को मिली है। तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते 11केवी विद्युत लाइन के दर्जनों पोल उखड़ कर गिर गए हैं। इसके चलते सैकड़ों गांवों की बत्ती पूरी तरह गुल हो गई है। बिजली ठप्प होने से ग्रामीण इलाकों में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है क्योंकि मोटर पंप बंद पड़े हैं। इसके अलावा, मोबाइल फोन चार्ज न होने के कारण लोगों का अपने परिजनों और प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क टूट गया है।

### टेटी नदी और कर्नाल नाले के पुल क्षतिग्रस्त

बाढ़ के रौद्र रूप के कारण क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सिंदूरगढ़-बासिन मुख्य मार्ग स्थित टेटी नदी का पुल तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। मरीजों, स्कूली बच्चों और आवश्यक सेवाओं के लिए यह बड़ी मुसीबत बन गया है। कर्नाल नाले का पुल भी टूट गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित है और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर लंबा सफर तय करने को मजबूर हैं। निचले इलाकों, खेतों और सड़कों पर पानी भर जाने से कई कच्चे मकानों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है।

# चिर्रा सबस्टेशन का ट्रांसफार्मर 10 दिन से खराब, दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत चिर्रा स्थित सबस्टेशन में लगे पॉवर ट्रांसफार्मर पिछले 9-10 दिनों से खराब पड़ा है। ट्रांसफार्मर खराब होने से चिर्रा से शयंग तक के 8 से 10 गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। यह क्षेत्र वनांचल में आता है, जहां हाथी सहित अन्य जंगली जानवरों का लगातार आतंक रहता है। अंधेरा और बारिश के कारण ग्रामीण खासकर रात में दहशत में जी रहे हैं।

बिजली नहीं होने से बोर और नल भी नहीं चल पा रहे। इससे पेयजल संकट गहरा गया है और ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। जनपद सदस्य एवं ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली विभाग के कार्यालय में शिकायत की गई, लेकिन हर बार अधिकारियों द्वारा एक दो दिन में नया ट्रांसफार्मर आ जाएगा कहकर टाल दिया जा रहा है हालांकि अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं पहुंचा है। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल की जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

### राशनकार्ड सेवाओं का हुआ विस्तार

**कोरबा।** नागरिकों को राशनकार्ड संबंधी सेवाएं अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने की दिशा में राज्य शासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 तथा छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम, 2012 के प्रावधानों के अंतर्गत अब नवीन राशनकार्ड जारी करने, राशनकार्ड में नए सदस्य का नाम जोड़ने तथा अपात्र या पृथक हुए सदस्यों का नाम विलोपित करने की सुविधा सेवा सेतु पोर्टल ओपन है।
















